सार-समाचार

मीटिंग में उमड़ा प्रतिष्ठित ग्राहकों का सैलाब

पाटन । राजस्थान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, नीमकाथाना द्वारा बैंक के प्रतिष्ठित ग्राहकों के साथ एक भव्य टाउन हॉल मीटिंग का आयोजन नीमकाथाना में किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रबंधक ललित प्रकाश मोदी एवं सहायक महाप्रबंधक मोहन लाल कुलदीप द्वारा की गई।मीटिंग में उपस्थित बैंक के प्रतिष्ठित ग्राहकों को बैंक की समस्त ऋण एवं जमा से संबंधित महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक संदीप कुमार पारिक द्वारा भारत सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न ऋण योजनाओं जैस एवं सूर्यघर योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही ग्राहकों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया।बैठक में नीमकाथाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली बैंक शाखाओं से जुड़े लगभग 70 से 80 प्रतिष्ठित ग्राहक उपस्थित रहे, जिन्होंने योजनाओं में गहरी रुचि दिखाई और अपने प्रश्नों के माध्यम से सक्रिय सहभागिता निभाई।कार्यक्रम के अंत में मुख्य प्रबंधक गजेन्द्र परेवा द्वारा सभी आगंतुक प्रतिष्ठित ग्राहकों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यह बैठक बैंक एवं ग्राहकों के बीच आपसी विश्वास को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

जागावत बने कार्य प्रदेश संयोजक

झुंझुनूं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् जयपुर प्रांत का 61वां प्रांत अधिवेशन सांगानेर की एक निजी यूनिवर्सिटी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा थे। अधिवेशन के घोषणा सत्र मे प्रांत अध्यक्ष डॉ. जिनेश जैन ने घोषणा करते हुए चिड़ावा क्षेत्र से कुतुबपुरा गांव के कुलदीप सिंह जागावत को राज्य विश्वविद्यालय कार्य प्रदेश संयोजक बनाया। इससे पहले कुलदीप अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में नगर सहमंत्री, जिला समिति सदस्य, जिला सोशल मीडिया संयोजक जैसे अनेक दायित्वों का निर्वहन कर चुके है। वर्तमान में कुलदीप चूरू जिला संयोजक का दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। कुलदीप ने बताया की पिताजी हर क्षेत्र में सहयोग करते है। जिनके कारण ही कर पूरी लगन से कार्य कर पाता हूं। मेरा सौभाग्य है कि विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन मे राष्ट्र हित में कार्य करने का मौका मिला। मुझ जैसे ग्रामीण परिवेश से आने वाले जैसे छोटे से कार्यकर्ता पर संगठन ने विश्वास जताया। इसके लिए संगठन का बहुत बहुत आभार व्यक्त करता हूं। मैं अपना पूरा समर्पण और ईमानदारी से संगठन के काम को गति देने का प्रयास करुगा। शिक्षा के क्षेत्र मे अच्छा कार्य करने के लिए प्रयासरत रहूंगा।

जरूरतमंदों को कंबल वितरित

झुंझुनूं। श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्थान के सर्दी में कोई न ठिठुरे अभियान के अंतर्गत लगातार कंबल वितरण कार्यक्रम जरूरतमंदों को किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नववर्ष के उपलक्ष्य में स्वर्गीय गीतादेवी नांगलिया एवं स्वर्गीय रामावतार नांगलिया की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र संजय नांगलिया एवं परिवारजन की ओर से चूणा चौक राणी सती रोड स्थित आदर्श बाल निकेतन स्कूल परिसर में जरूरतमंद लोगों को कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि दानदाता संजय नांगलिया, श्रीगल्ला व्यापार संघ के अध्यक्ष आनंद टीबड़ा, मंत्री विपिन राणासरिया, आदर्श बाल निकेतन स्कूल के प्रधानाध्यापक डॉ. अजय कुमार एवं प्रधानाध्यापिका अनिता महमिया उपस्थित थी। जिनका श्रीश्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की ओर से ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, परमेश्वर हलवाई एवं सुनिल तुलस्यान ने दुपट्टा ओढ़ाकर प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया। अतिथियों ने कंबल वितरण कार्यक्रम में कहा कि जरूरतमंद की सेवा सर्दी के इस ठिठुरन भरे समय में कंबल वितरण का कार्य परोपकार का कार्य है। जो कि संस्था की ओर से विगत एक माह से लगातार किया जा रहा है अनुकरणीय है।

ग्रामीण हाट बाजार आबूसर में आज से शुरू होगा शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेला

■ मेले में जिले सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के कारीगरों द्वारा तैयार हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगा

झुंझुनूं। जिला प्रशासन व जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र की ओर से ग्रामीण हाट बाजार आबूसर में दो जनवरी से शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेला लगेगा। ग्रामीण खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम व शेखावाटी के हस्तशिल्पियों व बुनकरों की ओर से तैयार उत्पादों की स्टॉल भी लगाई जाएगी।

मेले की जानकारी देते हुए जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक अभिषेक चोबदार ने बताया कि मेले का शुभारंभ दो जनवरी को दोपहर एक बजे होगा। मेले में जिले सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के कारीगरों द्वारा तैयार हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों और सांस्कृतिक झलकियों के माध्यम से स्थानीय कला एवं संस्कृति को बढ़ावा दिया जाएगा। यह मेला हस्तशिल्प कारीगरों को अपने उत्पादों के विपणन का अवसर प्रदान करने के साथ-साथ आमजन के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। साथ ही मेले में कई प्रतियोगिताएं होगी। जिसके तहत तीन जनवरी सैक रेस, बोरा दौड़, नींबू चम्मच दौड़, चार जनवरी को हरदड़ा, दादा पोता दौड़, पांच जनवरी को सितोलिया, रुमाल झपट्टा, छह जनवरी को महिलाओं की तीन टांग दौड़, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता होगी। सात जनवी को मटका दौड़, रस्सा कस्सी दौड़र, आठ जनवरी को वालीबॉल, नौ जनवरी को कबड्डी प्रतियोगिता होगी। शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। तीन जनवरी को सोलो डांस प्रतियोगिता, चार जनवरी को रंगीलो राजस्थान, पांच जनवरी को कवि सम्मेलन होगा। छह जनवरी को अंतर विद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता, सात जनवरी को अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता होगी। आठ जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। नौ जनवरी को सांस्कृतिक सम्मेलन होगा। विजेताओं को पुरस्कार दिए जाएंगे। मेले में लोगों को आने जाने के लिए रोडवेज की ओर से निशुल्क बसों की व्यवस्था की गई है।

शहीद श्रीराम गावड़िया का शहादत दिवस मनाया

झुंझुनूं। ग्राम खतेहपुरा में शहीद श्रीराम गावड़िया यूथ क्लब द्वारा शहीद श्रीराम गावड़िया का 12वां शहादत दिवस मनाया गया। इस मौके पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता हुई। जिसमें क्षेत्र की 16 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला शाकंभरी फिलिंग स्टेशन और हुकुमपुरा के बीच खेला गया। जिसमें हुकुमपुरा ने शाकंभरी टीम को 25-16 और 25-22 से हराकर 21 हजार रूपए की नगद राशि तथा शहीद श्रीराम कप पर कब्जा किया। इस मौके पर ब्लड डोनेशन कैंप में 91 यूनिट ब्लड युवाओं द्वारा डोनेट किया गया। एक निजी अस्पताल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच व दवा वितरण शिविर लगाया गया। जिसमें ग्रामीणों की जांच कर दवा दी गई। आयोजन कमेटी द्वारा खतेहपुरा में 90 प्रतिशत अंक बोर्ड परीक्षा में प्राप्त करने वाले, राजकीय सेवा में ज्वाइनिंग करने वाले और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले युवाओं का सम्मान किया गया।

सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

लक्ष्मणगढ़ । स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में लक्ष्मणगढ़ थानाधिकारी राजाराम , महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत, सचिव आशकरण शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ आनंद शर्मा व घनश्याम वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर की गई। इस दौरान स्वयंसेविका दिव्या व्यास ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों का माल्यार्पण व स्वागत गीत से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजाराम ने स्वंयसेवको के अनुशासन की प्रशंसा करते हुए एनएसएस के ध्येय वाक्य स्वयं से पहले आप के महत्व को समझाते हुए नशे तथा सोशल मीडिया से दूरी बनाकर जीवन को जीवन्तता से जीने का संदेश दिया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत ने विद्यार्थियों को अनुशासन व पूर्ण मनोयोग से शिविर के सभी सत्रो जैसे श्रमदान,योग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, व्याख्यान माला, प्रतियोगिताओ से सीखने तथा जीवन में उतारकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका अदा करने हेतु प्रेरित किया।

सीख से सुरक्षा, टेक्नोलॉजी से परिवर्तन

■ स्कूली बच्चों, स्टॉफ सदस्यों को सड़क पर सुरक्षित संचालन के लिए आवश्यक टिप्स बताते हुए यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने एवं परिजनों रिश्तेदारों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया

सीकर । राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के शुभारम्भ के अवसर पर प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, सीकर में एक जनवरी 2026 को एक सड़क सुरक्षा जन जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी पूरे जनवरी माह 2026 के दौरान आमजन के लिए खुली रहेगी।

प्रदर्शनी का शुभारम्भ अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सीकर मथुरा प्रसाद मीणा, फूले महाविद्यालय के सचिव ओम प्रकाश सैन एवं जिला परिवहन अधिकारी ताराचंद द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण संस्थान के 500 विद्यार्थी, कार्यालय स्टॉफ एवं आमजन उपस्थित रहें। जिन्हें सड़क सुरक्षा कार्यशाला में स्कूली बच्चों, स्टॉफ सदस्यों को सड़क पर सुरक्षित संचालन के लिए आवश्यक टिप्स बताते हुए यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने एवं परिजनों रिश्तेदारों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। आमजन में जागरूकता के लिए कार्यालय द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित पम्पलेट तैयार करवाये गये है जिनका जिले की स्कूलों, कोचिंग संस्थानों में वितरण करवाया जायेगा। विद्यार्थियों को कार्यालय में संचालित ऑटोमेटेड ड्राईविंग टेक का निरीक्षण करवाया गया तथा उन्हें चालन परीक्षण सें संबंधित जानकारी तथा यातायात नियमों के बारे में अवगत करवाया गया तथा विभाग द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाकर विजेताओं को हेलमेट वितरित किये गये। सड़क सुरक्षा माह 2026 के दौरान आमजन को लाईसेंस प्रणाली व प्राथमिक चिकित्सा, ओवरलोड व ओवर क्राउडेड चलने वाले वाहनों को समझाइश व कार्यवाही, यातायात पुलिस के साथ समन्वय करते हुए यातायात के नियमों की जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें।

विधायक भांबू ने विजेताओं को बांटे पुरस्कार

झुंझुनूं, । जिले के रतनशहर में रतनशहर यूथ क्लब के तत्वावधान में आयोजित विधायक कप रतनशहर-माखर 2025 एकल ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला फतेहपुर वर्सेज मलसीसर के बीच खेला गया। इसी के साथ बुजूर्ग दौड़ प्रतियोगिता तथा 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेंद्र भांबू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक गुप्ता ने की। जबकि जगदेव पूनियां पूर्व पंचायत समिति सदस्य तथा वरिष्ठ अध्यापक दलीप कुमार सैनी इस्लामपुर विशिष्ट अतिथि थे। इस मौके पर विजेताओं को विधायक ने पुरस्कार बांटे। कार्यक्रम में रामप्रताप सैनी, महेंद्र शास्त्री जिलाध्यक्ष सैनी माली समाज संस्था झुंझुनूं, डॉ. कमलचंद सैनी, डॉ. सुरेंद्र सैनी रतनशहर, सौरभ योगी इस्लामपुर, राजेंद्र गोयन इस्लामपुर, सुनिल शर्मा इस्लामपुर, कपिल सैनी, जगदीशप्रसाद सैनी रतन शहर, सुरेश नारनौलिया तथा किशन कम्मा उपस्थित रहे।

सार-समाचार

विधायक भांबू का भव्य स्वागत

झुंझुनूं। दोरादास को नवीन पंचायत का दर्जा मिलने के पश्चात ग्राम पंचायत के समस्त ग्रामीणों द्वारा विधायक झुंझुनूं राजेंद्र भांबू का भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने रैली के रूप में स्वागत करते हुए विधायक को स्वागत स्थल तक पहुंचाया। स्वागत स्थल पर पहुंचने के पश्चात विधायक द्वारा सूर्य जल मंदिर का विधिवत लोकार्पण किया गया। यह जनोपयोगी कार्य उतरासर निवासी भामाशाह एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य गणेशसिंह शेखावत द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में निर्मित करवाया गया, जो ग्रामीणों के लिए जल सुविधा का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। इसके पश्चात ग्राम पंचायत पातुसरी में सुशासन पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन अत्यंत भव्य, ऐतिहासिक एवं जनभागीदारी से परिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। नव उत्थान, नई पहचान के संकल्प को साकार करते हुए विधायक भांबू ने जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत पातुसरी में लगभग 39 विकास कार्यों का फीता काटकर एवं पर्दा हटाकर लोकार्पण किया गया। जिससे क्षेत्र में विकास की नई गति मिलेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक मुकेश कड़वासरा, सह संयोजक बाबूलाल माहिच, वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वंभर पूनियां, गणेश शेखावत, गोपालसिंह, पवन शर्मा, सुरेंद्र भांबू, अर्जुन महला सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने क्षेत्र में सुशासन, विकास और जनसेवा के प्रति सरकार व जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया।

ज्ञापन दिया

झुंझुनूं। गुरूवार को डीवाईएफआई की ग्राम कमेटी नूआं ने तहसील सह संयोजक गोहर खान के नेतृत्व में ग्राम विकास अधिकारी व प्रशासक नूआं के मार्फत उपखंड अधिकारी मंडावा के नाम ज्ञापन दिया व प्रदर्शन किया। डीवाईएफआई नूआं के अध्यक्ष अली मूर्तजा बंटी ने बताया कि गांव नूआं के मैन गौरव पथ के चक्की स्टैंड पर कई वर्षों से जल भराव की समस्या होने के कारण स्कूल आने जाने वाले बच्चों व आम राहगीरों को निकलने मे परेशानी होती है। इसके लिए ग्रामवासियों द्वारा बार बार पंचायत को चेताया। मगर अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। महासचिव तल्हा ने बताया कि ग्राम पंचायत की सफाई व्यवस्था चरमरा चुकी है। घर घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था बिगड चुकी है। इन सभी मुद्दों पर गौर किया जाकर समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो डीवाईएफआई ग्रामवासियो को साथ लेकर बड़ा आंदोलन करेगी। जिसकी तमाम जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान गोहर खान, फिरोज अली, खालिद, बबलू, भंवर अली, मंसूर अली राड, साकिर अली, मूर्तजा, फेजान, समीर, साहिल, साहिन, तल्हा, अफजल, इस्माइल, अब्दुल्लाह इत्यादि मौजूद रहे।

नई कार्यकारिणी घोषित

पाटन । अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ ब्लॉक पाटन की कार्यकारिणी का निर्वाचन कार्यक्रम दिनांक 31 दिसंबर को सम्पन्न हुआ। निर्वाचन के पश्चात नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए।निर्वाचन में नरेश कुमार यादव ऑफिस कानूनगो को अध्यक्ष चुना गया तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विनोद कुमार ग्राम सेवक संघ तथा उपाध्यक्ष पद पर दानसिंह मंत्रालयिक संघ को मनोनीत किया गया।मंत्री पद की जिम्मेदारी संजय गुर्जर रा.शि. संघ से शेखावत को दी गई, वहीं संयुक्त मंत्री पद पर ख्यालीराम गुर्जर कृषि पर्यवेक्षक को चुना गया।कोषाध्यक्ष के रूप में शिशुपाल सैनी को दायित्व सौंपा गया।इसके अलावा संगठन मंत्री पद पर राजेन्द्र प्रसाद यादव चिकित्सा विभाग, प्रचार मंत्री पद पर अनिल कुमार यादव पशुपालन विभाग तथा कार्यालय मंत्री पद पर जितेन्द्र कुमार मीणा मंत्रालयिक को नियुक्त किया गया।कार्यकारिणी में विधि मंत्री खेल एवं सांस्कृतिक मंत्री तथा अन्य सदस्य पद भी शामिल किए गए हैं।नवगठित कार्यकारिणी ने कर्मचारी हितों की रक्षा संगठन को मजबूत करने तथा समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

PUBLIC NOTICE

It is informed to the General public that my client Ramesh Chandra Soni, resident of Sardarshahar, has evicted his son Aashish and his wife from all his movable and immovable properties due to their rude, inappropriate and cruel behavior. Information of which is being given through this notice. Therefore, anyone who engages in any transaction with the aforementioned Aashish and his wife, or who deals with any property owned by my client, will be solely responsible. My client will not be responsible for any thing happened wrong or illegal. As per the instruction, this notice is issued today dated 01.01.2026 under my signature.

Sd/-
Manoj Kumar Pareek
Advocate

मुकेश सैनी का सम्मान

झुंझुनूं। बिजली बोर्ड में एईएन से प्रमोट होकर एक्सईएन बने मुकेश कुमार सैनी का बगड़ रोड स्थित श्री गणेश मंदिर में सम्मान किया गया। एक्सईएन बने मुकेश सैनी ने पहले तो कार्यालय जाकर ड्यूटी जॉइन की। जॉइनिंग के बाद श्री गणेश मंदिर जाकर धोक लगाई। मंदिर पुजारी सुनिल कुमार स्वामी ने आशीर्वाद दिया। इस दौरान पार्षद विजय कुमार सैनी, किशोरीलाल सिंगोदिया, जगदीशप्रसाद सैनी, ओमप्रकाश दया, सांवरमल मिटावा, रामलाल मुनीम, पवन कुमार सैनी, दलीप सैनी, अजय सैनी, अशोक सैनी, इकबाल टेलर, श्रवण कुमार सैनी, विमलेश सैनी, रवि सिंगोदिया आदि ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

डारा पुलिस उपाधीक्षक बने

झुंझुनूं। जिले के ग्राम किशोरपुरा निवासी रविंद्रप्रताप डारा राजस्थान पुलिस सेवा में पुलिस उपाधीक्षक पद पर पदोन्नत हुए हैं। राजस्थान सरकार के गृह विभाग (ठ्रुप- 1) द्वारा 31 दिसंबर को जारी आदेश के अनुसार वर्तमान में एजीटीएफ जयपुर में इंस्पेक्टर पद पर कार्यरत रविंद्र को डीवाईएसपी पद पर पदोन्नित दी गई है। पूर्व उप जिला खेल अधिकारी स्व. सुलतान सिंह डारा व पूर्व पार्षद भगवती डारा के पुत्र तथा नगर परिषद के पूर्व उप सभापति वीरेंद्र डारा के छोटे भाई रविंद्र पुलिस अधिकारी के रूप में अपनी उत्कृष्ट राजकीय सेवा के लिए कई बार सम्मानित भी हुए हैं। उन्हें वर्ष 2011 में जहां राजस्थान के राज्यपाल द्वारा सम्मानित होने का अवसर मिला। वहीं वर्ष 2021 में उन्हें विभाग द्वारा राष्ट्रपति पुलिस मैडल देकर सम्मानित किया गया।

श्री गोपाल गौशाला में मकर संक्रांति पर्व पर गौ सेवार्थ होंगे विभिन्न कार्यक्रम

झुंझुनूं। श्री गोपाल गौशाला में मकर संक्रांति के पावन पर्व 14 जनवरी की व्यवस्थाओं को लेकर श्री गोपाल गौशाला में बुधवार को गौशाला कार्यकारिणी सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों से विचार विमर्श कर मकर संक्रांति पर्व को श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाए जाने का निर्णय किया गया एवं सभी को विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारियां दी गई। कार्यक्रम का संयोजक शशिकांत पंसारी को बनाया गया। जानकारी देते हुए गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं मंत्री प्रदीप पाटोदिया ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व गौ भक्तों के लिए गौ सेवार्थ दिवस के रुप में मनाया जाएगा। जिसमें गौ भक्तों के लिए गौ सेवार्थ गौ दान, गायों के लिए ब्रह्मपुरी (गाय रसोई), तुला दान, मीठा दलिया, सवामन भोग, हरि चरी, हरी सब्जी, गुड़ एवं गाय गोद की विशेष व्यवस्था की गई है। सुबह पांच बजे से शाम छह बजे तक हवन यज्ञ का आयोजन सभी गौ भक्तों के लिए किया जाएगा। गौ माता की पूजा के लिए सप्त धेनु गौ परिक्रमा व नंदी परिक्रमा की व्यवस्था का भी गौ भक्त धार्मिक लाभ उठा सकेंगे। इसी दिवस पर गौशाला में शाम छह बजे गौमाता की आरती के पश्चात धार्मिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रजिस्ट्रेशन के आधार पर भाग लेने वाले चुनिंदा गौभक्तों को निर्णायकों के निर्णय के आधार पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के अतिरिक्त सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वालों का रजिस्ट्रेशन 10 जनवरी तक गौशाला में किया जाएगा। इसी दिवस पर श्री चौथमल सुनिल कुमार पाटोदिया परिवार के सौजन्य से गाय का दूध अमृत तुल्य है विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर 51 प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी 10 जनवरी तक गौशाला आकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। सभी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं में 14 जनवरी को सुबह 11 बजे उपस्थित हो सकेंगे। जिन्हें 11:30 बजे से 12:30 बजे तक एक घंटे का समय निबंध लिखने के लिए दिया जाएगा। निबंध प्रतियोगिता में निबंध लिखने की अधिकतम शब्द सीमा 100 शब्द, हिंदी भाषा में निबंध लिखना है। प्रतिभागी को निबंध लिखने के लिए चार्ट शीट एवं पैंसिल गौशाला में उपलब्ध करवाई जाएगी। निर्णायकों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। जिनके निर्णय के अनुसार प्रथम विजेता को सात हजार एक सौ रूपए, द्वितीय विजेता को पांच हजार एक सौ रुपए एवं तृतीय विजेता को तीन हजार एक सौ रुपए नगद ईनाम एवं गौ माता का प्रतीक चिह्न (फोटो) दी जाएगी।

शिक्षाविद् बीएल रणवां को मिला एशिया कॉन्टिनेंट अवार्ड

डूंडलोद। अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं इंडो-नेपाल समरसता ऑर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में नेपाल की राजधानी काठमांडू में वैश्विक शांति समरसता सम्मेलन एवं विचार प्रजेंटेशन कार्यक्रम एवं नागरिक अभिनंदन समारोह तथा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती महोत्सव 25 देशों के राष्ट्रीय ध्वजों के सानिध्य में हुए इस भव्य समारोह में डूंडलोद ठ्रुप्स ऑफ स्कूल्स के सचिव शिक्षाविद् बनवारीलाल रणवां को एशिया कॉन्टिनेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

रणवां को यह सम्मान अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच की वैश्विक यात्रा को प्रोत्साहित करने, उत्कृष्ट प्रतिभा, प्रभावशाली व्यक्तित्व एवं दूरदर्शी कार्ययोजना तथा विभिन्न संगठनों द्वारा उनके नाम को प्रमुखता से नेपाल में गठित बोर्ड सलाहकार समिति के प्रमुख डॉ. विष्णुहरि नेपाल पूर्व राजदूत जापान द्वारा अवलोकन करने पर दिया गया है। समारोह की अध्यक्षता हुकमचंद गणेशिया चांसलर इंटरनेशनल ग्लोबल रोमा कल्चर यूनिवर्सिटीज नई दिल्ली, मुख्य अतिथि प्रथम उप राष्ट्रपति एवं न्यायमूर्ति नेपाल परमानंद झा, विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति सर्वोच्च न्यायालय नेपाल लोकेंद्र मलिक, गिरीशचंद्र लाल, पूर्व प्रधानमंत्री राजेंद्र मेहतो, जगत गुरू शक्ति बाबा, डॉ. विष्णुहरि नेपाल पूर्व राजदूत जापान, इंदिरा राणा मगर उपाध्यक्ष प्रतिनिधा सभा नेपाल, पदम सुंदास पूर्व राजदूत वहरीन, डॉ. निर्मल विश्व कर्मा पूर्व राजदूत साउथ अफ्रीका, एमपी साहू विदेश मंत्री नेपाल सरकार, रेखा यादव सांसद, कृष्ण कुमार यादव, रोहित महाराज सलाहकार मुख्य मंत्री सिक्किम थे। यह सम्मेलन राजनयिक संबंध वियना अभिषरण 1972 एवं जिनोवा कन्वेंशन 1949 के अन्तर्गत संपन्न हुआ।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उ. प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता : http://www.ireps.gov.in 2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय :** 23.01.2026 को 15.00 बजे तक **3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय :** 23.01.2026 को 15.00 बजे के बाद **Tender Notice No. :** 28-TRD-BKN-ETender-2024-25-R5 **Name of work :** TRD modification work in c/w Engg. works of Ballast depot,TWR,TBR,SEJ,TTR,TRR in Anupgarh-Suratgah-Lalgarh-Kolayat-Phalodi & Lalgarh-Ratangarh section over Bikaner Division. **Approx Cost of the work :** 1,00,60,511.1 **EMD/SD (Rupees) :** 2,00,300.00 **02-CR/26**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारो से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या :** एस. एण्ड टी/बी. के.एन-25-26-29 **कार्य का नाम व स्थान :** बीकानेर मंडल के 8 मानवयुक्त समपार गेटों (रेवाड़ी-सादुलपुर सेक्शन में LC-110, हनुमानगढ़-सूरतगढ़ सेक्शन में 92, सूरतगढ़ - बीकानेर सेक्शन में 122 और हनुमानगढ़-सूरतगढ़ (सीएलएल) सेक्शन में 23, 29ए, 158, 114 और 171) के इंटरलॉकिंग का प्रावधान **अनुमानित लागत मूल्य रू. :** 39775066.87 **Bid Security :** 348900.00 **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय :** 22.01.26 को 15.00 बजे तक **वेब साइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाऊनलोड किया जा सकता है :** www.ireps.gov.in **1700-CR/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

Ajmer Vidyut Vitran Nigam Limited
Corporate Identification Number (CIN) – U40109RJ2000SGC016482
Registerd Office: Vidyut Bhawan, Panchsheel Nagar, Makarwali Road, Ajmer-305004
Office of The Executive Engineer (O&V) AVVNL, Sikar
Office Address: Old Power House, Devlpura Road, Near 2 No. Dispancery, Sikar Ph. 01572-250110

पत्र क्रमांक 1420 दिनांक : 18.12.2025

विज्ञप्ति

इस सार्वजनिक नोटिस के जरिये आप (श्री दिनेश कुमार धानका पुत्र श्री रूपचन्द धानका, ग्राम पोस्ट भादवाडी, तहसील खण्डेला, जिला-सीकर, पद-लाइनमैन प्रथम, कार्यालय सहायक अभियन्ता (वि.सु.-प्रथम) अ.वि.वि.नि.लि., सीकर) को सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 10.02.2025 से बिना किसी सक्षम स्वीकृती के कार्यालय से अनुपस्थित चल रहें हैं, आपको सहायक अभियन्ता (वि.सु.-प्रथम) अ.वि.वि.नि.लि., सीकर कार्यालय द्वारा पत्र कमांक 4370 दिनांक 19.02.2025, 4649 दिनांक 12.03.2025 तथा गोपनीय पत्र कमांक 03 दिनांक 16.04.2025 के जरिये रजिस्टर्ड डाक द्वारा कार्यालय में उपस्थित होने हेतु आरोप पत्र का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु लिखा गया था, साथ ही दूरभाष पर भी आपको कार्यालय में उपस्थिति दर्ज करवाने हेतु भी कहा गया था, परन्तु आप श्री दिनेष कुमार धानका के द्वारा ना तो कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराई व न हीं कोई लिखित जवाब प्रस्तुत किया गया। आपके विरूद्ध तकनीकी कामगार सेवा विनियम 1975 के 9 H की शर्तो के प्रावधानानुसार तथा निगम नियमानुसार कार्यवाही की जानी है।

इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस के भीतर आप कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अगर 10 दिवस के भीतर आप अपना कोई पक्ष प्रस्तुत नहीं करते हैं तो यह माना जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है, तथा निगम एकतरफा कार्यवाही कर निष्कासन संबंधी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी, जिसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सूचित रहें।

अधिशाषी अभियन्ता (वि.स.)
अजमेर वि. वि. नि. लिमिटेड, सीकर

राज.संवाद/सी/25/16911

सुनिश्चित कीजिए उनकी मुस्कुराहट
प्लस सुरक्षा
एलआईसी का
प्रोटेक्शन प्लस
पेश है
विशेषताएँ:
आपकी आवश्यकताओं के अनुसार अनेक निवेश फंड विकल्प उपलब्ध
अपनी जोखिम बीमा-सुरक्षा बढ़ाएँ, टॉप अप प्रीमियम भुगतानों के साथ
आयु एवं अवधि के अनुसार उच्च बीमा राशि चुनने का विकल्प
5 वर्ष बाद आंशिक निकासी की अनुमति
प्लान सं.: 886 यूआईएन: 512L361V01
एक नॉन-पार, लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत प्लान
ऑनलाइन भी उपलब्ध
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090
कहिए 'Hi'
अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा